**खबर संक्षेप**

### असामाजिक तत्वों का आतंक



**मैहर।** रीवा रोड कटिया क्षेत्र में स्थित होटल में असामाजिक तत्वों का कारनामा,सुबह के समय अज्ञात असामाजिक तत्वों ने होटल प्रयागराज के दरवाजे और बाहरी हिस्से में लगे कांच बियर की बोतलों और पत्थरों से मार कर क्षति ग्रस्त कर दिया। हालांकि होटल में मौजूद सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात लोगों को पहचाने जाने का कार्य किया जा रहा है। होटल मालिक विनोद अग्रवाल ने बताया कि वे सुबह इंदौर के लिए निकले तब तक सब सही था लेकिन इस तरह के कृत्य चिंताजनक है।

### 29 जून को होगा प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह

**मैहर।** जिले में मुस्लिम समाज के जिन बच्चे बच्चियों ने 10 वीं व 12 वीं में कामयाबी हासिल की है उन छात्र छात्राओं के हौसला अफजाई के लिए अल मुस्लमीन कमेटी एक प्रोग्राम का अहतमाम 29 जून 2025 दिन रविवार को सरना पैलेस में शाम,3 बजे से मुनाकिद किया जाना है। अलमुस्लमीन कमेटी मैहर के द्वारा बच्चों के हौसला अफजाई के लिये,खास इज्तिमाई प्रोग्राम किया जा रहा जिसमें, पढ़ाई की अहमियत और आगे की कामयाबी के नुक्शे,खास अधिकारी,खास कामयाब लोगों द्वारा स्पीच होगी जिससे कौम के बच्चों को सही और आसान रास्ता दिखाया जा सके,ये हमारी पहल है। जो नजरिये ख़िदमत हैं। तो तमाम आवाम से ये पुरज़ोर गुजारिश है कि अपने घर,रिस्तेदार,आस पास के मुस्लिम बच्चों की जानकारी हमें देकर ख़िदमत में हिस्सेदारी पेश करें।

### मैहर जिले में अब तक 120 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मैहर** जिले में इस वर्ष 1 जून से 28 जून 2025 तक 120 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 122 मि.मी.,मैहर में 93.5 मि.मी. एवं रामनगर में 144.5 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 63.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### आकांक्षी ब्लॉक की डेल्टा रैंकिंग में रामपुर बघेलान विकासखंड प्रथम

**सतना।** नीति आयोग की मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग में सतना जिले के विकासखण्ड रामपुर बाघेलान ने मध्य भारत जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि व बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में विकासखंड की बहुआयामी प्रगति का परिणाम है। जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी और आकांक्षी ब्लॉक के प्रभारी गौरव शर्मा ने बताया कि देश के पांचवे जोन में शामिल मध्यप्रदेश राज्य के विकासखण्ड रामपुर बघेलान को प्रथम स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर नीति आयोग द्वारा 2.5 करोड़ रूपये की राशि पुरूस्कार स्वरूप दी जायेगी। नीति आयोग ने देश के 500 आकांक्षी ब्लॉकों की एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की डेल्टा रैंकिंग जारी कर दी है। रैंकिंग की घोषणा नीति आयोग के वर्चुअल कार्यक्रम में की गई।डेल्टा रैंकिंग के लिए नीति आयोग ने संपूर्ण भारत को 6 जोन में विभाजित किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस एवं जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अब हमारी कोशिश है कि चैंपियंस ऑफ द क्वार्टर ओवर आल परफार्मेंस में पहले स्थान पर आएं।

## इनकम टैक्स ऑफिसर के घर में चोरी

# बदमाशों ने हमला कर पति-पत्नी को किया घायल










**चोर जेवरात-नकदी ले गए कार में की तोड़फोड़**

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक बड़ी चोरी की वारदात हुई। चोर इनकम टैक्स अधिकारी महेंद्र गुप्ता के घर में घुसे और जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए।

हरिभूमि न्यूज, सतना।

वारदात के समय घर में उनका 15 वर्षीय बेटा सो रहा था। महेंद्र गुप्ता पत्नी अल्पना के साथ रात करीब 2:05 बजे बेटी को लेने रेलवे स्टेशन गए थे। 3:15 बजे जब वे लौटे तो घर के पास छह बदमाश भागते हुए दिखे। उसी वक्त अचानक बिजली चली गई। शोर मचाने पर बदमाशों ने उन पर पत्थर से हमला कर दिया,जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।बदमाशों ने उनकी कार पर भी पथराव किया और शीशा तोड़ दिया।

### हाल ही में शिफ्ट हुए थे महेंद्र

महेंद्र गुप्ता वर्तमान में जबलपुर में पदस्थ हैं। वे 7 जून को ही इनकम टैक्स कॉलोनी से ग्रीन पार्क कॉलोनी में शिफ्ट हुए थे। सिविल लाइन थाना के टी योगेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी गए सामान का आंकलन किया जा रहा है।

### दो बाइकें भी चोरी हुईं

इस वारदात से पहले कॉलोनी में ही रहने वाले बालकृष्ण शर्मा और उनके किरायेदार बब्बन मल्होत्रा की बाइक भी चोरी हो गई थी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बदमाश कॉलोनी के दो एंट्री गेट में से किस रास्ते से अंदर घुसे और बाहर निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच जारी है। अब तक बदमाशों की पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नजर आए

एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है,जिसमें कुछ बदमाश घर में घुसते और बाहर आते दिखे हैं। बारिश के कारण बिजली गुल होने से फुटेज पूरी तरह स्पष्ट नहीं मिल सका है। टीआई योगेन्द्र सिंह ने बताया कि कॉलोनी में लगे अन्य कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। साथ ही गार्डों से भी पूछताछ की जा रही है।

### घटनास्थल से मिले हैं साक्ष्य

सिविल लाइन थाना के टी योगेंद्र सिंह ने हरिभूमि को बताया कि घटनास्थल से कुछ साक्ष्य मिले हैं जिनके आधार पर बदमाशों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।




# संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से संवाद

मैहर।

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें जिले के प्रभारी एवं पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह मरावी की गरिमामयी उपस्थिति रही। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने आए हुए लोगों का स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर ब्लॉक,मंडलम, सेक्टर एवं बूथ कमेटियों के कार्यकर्ताओं के साथ गहन संवाद और वन-टू-वन चर्चा आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती के सूत्र तय किए गए और अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।भूपेंद्र सिंह मरावी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का एकमात्र उद्देश्य जिला,ब्लॉक,मंडलम,सेक्टर एवं बूथ स्तर की समितियों को सशक्त एवं सक्रिय बनाना है ताकि संगठन की जड़ें और मजबूत हों। अभियान के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नवसंकल्प दोहराया ।

# रेन बसेरा में अवैध वसूली करने वाले दो कर्मचारियों को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज, सतना।




रेन बसेरा में अवैध रूप से वसूली करने वाले दो कर्मचारियों को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम निःशुल्क आश्रय स्थल में अवैध वसूली का मामला सामने आया था। डी एल एड परीक्षा देने आए राजस्थान के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उनसे धवारी स्थित आश्रय स्थल के मैनेजर शिशिर तिवारी ने रुकने के एवज में प्रतिदिन 50 रुपए वसूले हैं। शुक्रवार को छात्रों ने एसडीएम से मामले की शिकायत की थी। इसके बाद जांच में पाया गया कि आश्रय स्थल में रुकने वालों से वसूले गए पैसों की एंट्री पेंसिल से रजिस्टर में की गई है। नगर निगम ने इस आश्रय स्थल का संचालन हकीकत सेनिटेशन सोसाइटी दिल्ली को दिया है,जिसके संचालक संदीप गर्ग हैं। छात्र-छात्राओं ने बताया कि केयर टेकर बीरेन्द्र सिंह ने नगर निगम का नोटिस बोर्ड कमरे में छिपा कर रखा है,जिसमें स्पष्ट लिखा है कि आश्रय स्थल पूर्णतः निःशुल्क है।यहां महिला-पुरुषों के लिए अलग व्यवस्था के साथ पानी,रोशनी और शौचालय की सुविधा है। आश्रय स्थल में रुकने वालों से वसूले गए पैसों की एंट्री पेंसिल से रजिस्टर में मिली है। शिकायत के बाद नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना के निर्देश पर सिटी मैनेजर दीपक शर्मा ने मौका मुआयना किया।उन्होंने बताया कि केयर टेकर वीरेंद्र सिंह की भूमिका संदिग्ध है। आश्रम स्थल के सीसीटीवी फुटेज मंगाए गए हैं। पेंसिल से रजिस्टर का संधारण अपराध की श्रेणी में आता है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शहर में नगर निगम के तीन आश्रय स्थल

नगर निगम ने शहर में बेघर लोगों के लिए तीन आश्रय स्थल बनाए हैं,जहां रुकने के लिए पहचान पत्र और पूरी जानकारी देना जरूरी है। यहां धूम्रपान और नशा पूर्णतः वर्जित है।

# सीमेंट फैक्ट्री में 5000 से ज्यादा कोरेक्स का किया गया नष्टीकरण



हरिभूमि न्यूज, सतना।

नशे के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चला रही पुलिस ने विंध्य में पहली बार नशीली कोरेक्स सिरप का नष्टीकरण कराया है। पुलिस के अनुसार,रीवा जिले के सात थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत 2019 और 2020 में जब्त की गई 5157 शीशियां शुक्रवार को सतना जिले की प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री में नष्ट की गईं। इस दौरान डीआईजी राजेश सिंह चंदेल,ड्रग विनष्टीकरण समिति,पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सतना के सदस्य,रीवा एसपी विवेक सिंह,सतना एसपी आशुतोष गुप्ता,एसडीओपी उदित मिश्रा और संबंधित थानों के प्रभारी मौजूद रहे।बताया जाता है कि रीवा में 40 प्रतिशत युवा नशे की चपेट में हैं।

### पहली बार कोरेक्स सिरप का नष्टीकरण

बताया जा रहा है कि अब तक पुलिस केवल कोरेक्स सिरप को जब्त कर थानों में रखती थी,लेकिन नष्ट करने की प्रक्रिया तय नहीं थी। इससे थानों में पांच-छह साल तक पुरानी जब्ती का स्टॉक जमा होता रहा,जिससे जगह भी घिरती गई। डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने पुलिस मुख्यालय भोपाल और नारकोटिक्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर सीमेंट फैक्ट्री में नष्टीकरण की अनुमति ली। इसके बाद तय हुआ कि नशीली सिरप को पर्यावरण मानकों के तहत सीमेंट प्लांट में जलाकर ही नष्ट किया जाएगा। एसडीओपी उदित मिश्रा ने बताया कि अब यह प्रक्रिया एक बार की नहीं रहेगी,बल्कि सतत चलेगी। जैसे शराब और गांजा का विनष्टीकरण होता है, वैसे ही अब नियमित तौर पर नशीली कफ सिरप भी वैज्ञानिक विधि से नष्ट की जाएगी।

### रीवा कोरेक्स के नशे का गढ़

जानकारी के मुताबिक,पिछले एक दशक में रीवा जिले में कोरेक्स सिरप की अवैध बिक्री सबसे ज्यादा रही है। यहां बड़ी संख्या में युवा इस नशे की चपेट में आ चुके हैं। सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी की एक रिसर्च के मुताबिक रीवा जिले में करीब 40 प्रतिशत युवा कोरेक्स का नशा करते हैं। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने तो रीवा को 'कोरेक्स सिटी' तक कह दिया था।

# बारिश में बीमारियों से बचने दी गई सलाह

मैहर।

जिला सिविल अस्पताल प्रभारी डाक्टर आर एन पाण्डेय ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बिमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि जिले में वर्षाकाल शुरू है वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाईफाइड,पीलिया,डायरिया,पेचिस,एवं हैजा जैसी बीमारिया फैलती है अतः भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें कुछ भी खाने से पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोये पानी और स्वच्छता आदतों से फैलने वाली बीमारियों मोटे तौर पर दस्त संक्रमण त्वचा और आंखों के रोग मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं बच्चों में दूषित पानी और खाघ पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग न करे खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। श्री पांडेय ने कहा कि परिवार के सभी सदस्य अलग अलग तौलिया एवं रुमाल का उपयोग करें स्वच्छ पानी का उपयोग करें बार बार आंख को हाथ न लगायें धूप के चश्मे का प्रयोग करें चिकित्सक को दिखाये बरसात में मलेरिया और डेगूं रोग भी फैलता है जिसमें मरीज़ को ठण्ड लगकर बुखार आता है।

# जिले में अब तक 152.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 28 जून तक 152.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 325.1 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 94.5 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 104 मि.मी, बिरसिंहपुर में 85.2 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 61 मि.मी.,नागौद में 278.1 मि.मी.,जसो (नागौद) में 47.6 मि.मी. एवं उचेहरा में 225.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 47.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 30 जून को

**सतना।** अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि,विभिन्न श्रेणी के पीड़ितों को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में, विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

### कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर में कलेक्टर के आदेश के 6 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं कराई जा रही नीलामी

# पन्ना कलेक्टर के आदेशों के 6 दिन बीत जाने के बात भी कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर के अधिकारी दिखा रहे ठेंगा





पन्ना। कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर में अव्यवस्थाओं का आलम चारों तरफ गोबर ही गोबर बिखरा पड़ा हुआ है। देवेंद्रनगर कृषि उपज मंडी में बीते कुछ माह से किसानों के अनाज की नीलामी न होने से किसान मंडी प्रांगण में आनाज नहीं ले जा रहे हैं बिक्री करने के लिए मजबूर होकर व्यापारियों की दुकानों व दूसरे जिले की मंडियों में पहुंचते हैं। जबकि पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने दिनांक 24 जून 2025 को जिले की समस्त मंडियों को निर्देश दिए थे कि मंडी प्रांगण में नीलामी सुचारू रूप से कराई जाए। लेकिन कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर के अधिकारी पन्ना कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और मंडी प्रांगण में अभी भी नीलामी नहीं कराई जा रही ना ही किसान पहुंच रहे हैं वही आप तस्वीरों के माध्यम से भी देख सकते हैं की मंडी प्रांगण गोबर में तब्दील है वहां पर आवारा पशुओं को चमड़ा होता है जिस कारण से चारों तरफ गोबर ही गोबर दिखाई देता है ना तो मंडी की उचित साफ सफाई करवाई जाती है गंदगी ही गंदगी चारों तरफ से वही और तों और किसानों ने मंडी प्रांगण आना भी बंद कर दिया है व्यापारियों की यहां ही मजबूरी में अपने अनाज को बेचते हैं कागजों में हो रही किसानों के अनाजों की नीलामी जब इसमें पूरे मामले पर देवेंद्रनगर मंडी निरीक्षक तानसेन कोल जी से बात की गई तो वह जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं दे पाये।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत पिपरवाह में नेत्र शिविर हुआ संपन्न

**अमानगंज** । तहसील क्षेत्र के पड़ोसी गांव पिपरवाह मे आज नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें स्थानीय और क्षेत्रीय जनता की आंखों की जांच शिविर में पहुंचे चित्रकूट से पहुंचे आंखों के चिकित्सको ने जांच करने के साथ ही आंखों के ऑपरेशन की डेट दी है सभी के लिए सुरक्षित करते हुए मौके पर चश्मा और आवश्यक जुड़ी वास्तु और दवाइयां का वितरण भी किया इस मौके पर स्थानीय एवं क्षेत्रीय पार्टी कार्यकर्ताओं का सहयोग देखने को मिला।

### विद्यालय परिसर हुआ जलमग्न, छात्र छात्राएं कैसे जाएं स्कूल, सरपंच उप यंत्री की लापरवाही आई सामने



**पन्ना**। जिले की पवई जनपद पंचायत अंतर्गत अंतर्गत ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मेन गेट पर पंचायत द्वारा स्कूल की बाउंड्री के बगल में नाली ना बनाए जाने के कारण विद्यालय परिसर तालाब की तरह भर गया है तथा पूरा परिसर जलमग्न हो गया है जिससे छात्र छात्राओं का स्कूल पहुंचना संभव नहीं है यह स्थिति इसलिए निर्मित हुई है क्योंकि सरपंच तथा उपयंत्री ने नाली का निर्माण सही ढंग से नहीं किया है अभी तो केवल बारिश के मौसम की शुरुआत हुई है अभी तो। पूरा सीजन रखा हुआ है नाली का निर्माण पश्चिम दिशा की ओर होना था उस नाली को पूर्व की ओर बना दिया जिस नाली को नहीं बनना था उस नाली का निर्माण उपयंत्री भरत गुप्ता की मिलीभगत से हुआ था निर्माण के समय भी स्थानीय लोगों ने विरोध दर्ज कराया था लेकिन उसके बावजूद जिम्मेवारों ने एक नहीं सुनी तथा मनमाने ढंग से नाली का निर्माण करवाया गया एवं उक्त निर्माण कार्य की पूरी राशि खर्च कर दी गई ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ सरपंच एवं उपयंत्री भरत गुप्ता के संरक्षण में जितने भी कार्य ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ में हुए हैं अधिकांश कार्य में इसी प्रकार व्यापक अनियमितताएं हुई हैं तथा घटिया एवं अमानाक कार्य कराए गए हैं ग्राम पंचायत वासियों ने लापरवाह सरपंच तथा उपयंत्री के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### डकैती के 5 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा स्थायी वारंटों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश श्री इन्द्रजीत रघुवंशी के 5 वर्ष पुराने प्रकरण में जारी स्थाई वारंटी आनंद कुमार उर्फ लल्लू कुशवाहा पिता वाल्मीकि कुशवाहा निवासी छोटा मानिकपुर थाना नागौद जिला सतना (म.प्र.) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये गये आरोपी के विरुद्ध पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में की गई वैधानिक कार्यवाही



### आरोपी के कब्जे से 1 किलो 770 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) एवं मोबाइल जप्त

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 01 आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मटमैले रंग की धारियों वाली हाफ शर्ट पहनकर हाथ में पीले रंग का प्लास्टिक डिब्बा लिये हुए जिसमें अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) रखा है, महेबा की ओर से पैदल अमानगंज की तरफ आ रहा है। थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किये करहिया मोड़ पर पहुँचकर मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये के व्यक्ति को आते देखा गया। पुलिस टीम को देखकर उक्त व्यक्ति भागने लगा जिसे घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा गया। पूँछताछ पर आरोपी ने अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया ।पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे में रखे प्लास्टिक डिब्बे की तलाशी ली गई जिसमें हल्के हरे रंग की पन्नी में दो पैकेट कुल 1 किलो 770 ग्राम वजनी कीमती लगभग 38,000 रूपये का मादक पदार्थ (गाँजा) पाया गया । मौके पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर थाना अमानगंज लाया गया एवं आरोपी के विरुद्ध थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 192/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1. अभिषेक यादव पिता देवसिंह यादव उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 यादव मोहल्ला, थाना देवेंद्रनगर, जिला पन्ना

'जप्त सामग्री' दृ
पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से
1 किलो 770 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती लगभग 38,000 रूपये
01 पुराना इस्तेमाली च्ब्ब्व कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल कीमती लगभग 10,000 रूपये
01 पीला प्लास्टिक डिब्बा, कुल मशरूका कीमती लगभग 48,000 रूपये जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, सउनि बुद्धीलाल कोल, प्र.आर. राजीव मिश्रा, मुकेश शर्मा, शिवम शर्मा, मुकेश सोनी, लक्ष्मण यादव, म.प्र.आर. जानकी कोदर, आर. मुनेन्द्र सिंह, प्रमोद पाल, अरविन्द, महिला आर. दीपा गुप्ता एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## बारिश मौसम में कल्दा के जंगल हुए हरे भरे खिल उठा जंगल

### जंगल में चारों तरफ छाया खूबसूरत नजारा



**पन्ना**। कल्दा एवं सलेहा वन क्षेत्र के जंगल बारिश के मौसम में हरे-भरे और सुंदर हो गय है बारिश की बूंदों से पेड़ों और पौधों को पर्याप्त पोषण मिला है जिससे वे खिल उठे हैं और पूरे जंगल में चारों तरफ एक खूबसूरत दृश्य बन गया है बारिश में जंगल की सुंदरता चोरों तरफ छाई है हर तरफ हरी-भरी हरियाली जो आंखों को सुकून दे रही है साथ ही ताजगी भरी हवा पक्षियों की चहचहाट से जंगल का दृश्य और मनोरम नजर आता है बारिश में जंगल का वातावरण रहने वाले जीव जंतुओं के लिए भी अनुकूल हो गया है बारिश का मौसम प्रकृति को नया जीवन देता है और जंगल को एक अद्भुत सुंदरता प्रदान करता है इन दिनों कल्दा पहाड़ों के जंगलों का दृश्य देखते ही बनता है साफ सुथरा वातावरण प्रकृतिवादी हरे भरे लहलहाते पेड़ जैवे विधिता से परिपूर्ण कल्दा पठार के जंगलों में मनोरम दृश्य आकर्षित करते हैं जंगल है तो बारिश है जंगल है तो खुशहाली है। हमें जंगलों को बचाना चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए।

## रैपुरा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को किया गया सुपुर्द



**पन्ना**। थाना रैपुरा क्षेत्रांतर्गत निवासरत एक व्यक्ति द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल थाना रैपुरा में अपहरण का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पन्ना पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों, जैसे आसपास के जिलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, आदि में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही संभावित मार्गों के सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाल कर सुराग एकत्रित किए गए। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सूचना प्राप्त हुई कि अपहृता बालिका बांदकपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में देखी गई है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आज दिनांक 27.06.2025 को बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाबी उपरांत नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई। इसके पश्चात बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। पन्ना पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई के कारण एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित परिजनों से पुनः मिलाया जा सका, जो कि जनहित में एक सराहनीय प्रयास है। मामले मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव व थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## रिमझिम बारिश में धूमधाम से प्रारंभ हुई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

### अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राज परिवार के सदस्य एवं हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**पन्ना**। पवित्र नगरी पन्ना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 जून 2025 को शाम लगभग 4.30 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ गाजे बाजे एवं सशस्त सलामी के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का शुभारंभ हुई। साथ ही राजपरिवार की ओर से छत्रसाल द्वितीय ने आरती उतारी चमर डुलाया इसके साथ ही रथयात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राज परिवार के सदस्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। रिमझिम फुहारों के बीच भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई, बताया गया है कि सदियों से पवित्र नगरी पन्ना में इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। भगवान श्री जगदीश स्वामी मंदिर से प्रारंभ हुई रथ यात्रा के दौरान रथ में विराजे भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं को उत्सुक देखा गया। यह रथयात्रा पन्ना में श्री जगन्नाथ स्वमी मंदिर से निकाली गई। यह मंदिर पुरी के बाद विश्व का अद्वितीय मंदिर माना जाता है। इसका निर्माण महाराजा किशोर सिंह ने वर्ष 1700 में करवाया गया था। मान्यता है कि भगवान पन्ना के राजा स्वप्न में दर्शन देकर पुरी से अपनी प्रतिमा लाने का आदेश दिया था। इसके बाद महाराजा किशोर सिंह ने दो वर्षों की कठिन यात्रा के बाद भगवान की मूर्तियों को पन्ना लाये और मंदिर में विराजमान करवाया।

### शासकीय कैलेंडर में शामिल होगा रथयात्रा महोत्सव

पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पवित्र नगरी पन्ना के रथयात्रा महोत्सव को शासकीय कैलेण्डर में शामिल करवा कर इसका आयोजन सांस्कृतिक विभाग के माध्यम से और भी भव्य रुप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के रुप में आयोजित करवाने की बात कही।



## मन की बात को लेकर मंडल अमानगंज की बैठक संपन्न



**अमानगंज**। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं जिला संगठन के दिशा निर्देशन में गत माह की भांति इस माह आज 29 जून को सारे प्रदेश और देश में मां की बात का आयोजन देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना के प्रत्येक मंडल में मंडल स्तर पर आज तैयारी बैठकों का आयोजन किया गया और मंडल मुख्यालय अमानगंज मे यह आयोजन स्थानीय विश्रामगृह में मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिन्होंने आज के लिए हर बूथ और शक्ति केंद्र के लिए पार्टी पदाधिकारी की नियुक्ति करने के साथ ही कल के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की और दोपहर 12:00 बजे मन की बात आयोजन के बाद एक बड़ा वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर के बड़े हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया जिसमें सभी पार्टी पदाधिकारी को पहुंचने की अपील की गई बैठक को मुख्य रूप से महामंत्री दीपक यादव राजा प्रजापति उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आनंद सिंह राजपूत अरविंद दुबे राजदीप गोस्वामी मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा संगठन मंत्री घमंडी चौधरी अमित चांदपुरिया विकास अग्रवाल सोनू, तेलग राम मूरत सिंह तोमर मोहित यादव शहर संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे

## राजस्व निरीक्षक साकेत को पदोन्नति आदेश प्रदाय करने प्रभारी मंत्री को दिया ज्ञापन



**पन्ना**। बीते सप्ताह प्रभारी मंत्री जिला पन्ना इन्दर सिंह परमार के आगमन पर मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉ० एम.पी. पॉण्डये ने एक सूत्रीय ज्ञापन देते हुये राज्य शासन राजस्व मंत्रालय से माँग की है कि लगन व निष्ठा के साथ लंबे समय से सेवारत तहसील मुख्यालय अमानगंज भोला प्रसाद साकेत को न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पद पर पदोन्नती आदेश समय सीमा 90 दिवस के भीतर राज्य शासन जन हितेशी कर्मचारी के सेवा दायित्व का सम्मान करे। डॉ० पॉण्डेय के अनुसार विभिन्न विभागो में प्रचक प्रथक मापदण्ड से 30-35 वर्षों तक की सेवा अवधि के बावजूद पदोन्नती आदेश का इंतजार करते करते वे सेवा निवृत्त हो जाते है। उन्हें अपना मूलभूत हक पदोन्नती आदेश से वंचित रखा जाता है, यह राज्य शासन की विडंबना ओजस्वी मुख्यमंत्री डॉ० मोहन यादव की कार्यशैली में एक प्रश्न चिन्ह बन चुका है। डॉ० पॉण्डेय के अनुसार पन्ना जिले के प्रथक प्रथक विभिन्न विभागों में अनुकंपा नियुक्ति आदेश नहीं मिल पा राहे हैं, जो घोर आश्चर्य है। श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में डॉ० पॉण्डेय ने मिडिया तंत्र को बताया की पृथक पृथक विभिन्न विभागों में अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदाय हेतु राज्य शासन तंत्र अर्थात मुख्य सचिव स्तर से आदेश जारी करा कर पृथक पृथक विभिन्न जिला मुख्यालयों में सेवारत माननीय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्तर से अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदाय बावत उन्हे स्वंय के स्तर से आदेश अर्थात अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदाय हेतु कलेक्टर को ही सर्वोच्च प्राथमिकता देकर उन्हे प्राधिकृत कराये जाये ऐसी स्थिति में पन्ना जिलाधीश सुरेश कुमार जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी साबित हो रहे है। तहसील मुख्यालय अमानगंज में सेवारत राजस्व निरीक्षक भोला प्रसाद साकेत को न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पद पर पदोन्नती आदेश समय सीमा 90 दिवस के भीतर प्रमुख सचिव राजस्व मंत्रालय बल्लभ भवन सचिवालय स्तर से आदेश प्रदाय हेतु पन्ना जिले के हर चौराहे पर गली गली में आदेश प्रदाय हेतु चर्चाय सुनी जा रही है।

## हेड ऑफिस बैंगलोर ग्राहक द्वारा की गई शिकायत

# केनरा बैंक शाखा छतरपुर में ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

**एक ओर जहां शासकीय बैंक खुले हुए है, वही प्रतिस्पर्धा के दौर में तमाम प्राइवेट बैंक खुले हुए है। ग्राहक इन प्राइवेट बैंको में अच्छी सुविधाए प्राप्त करने के लिए अपने खाते खुलवाते है। ऐसे ही केनरा बैंक की शाखा छतरपुर में खुली हुई है।**

लेकिन इस बैंक के अधिकारी और कर्मचारियो की मनमानी के चलते ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार हो रहा है। जिससे बैंक की कार्यशैली को लेकर ग्राहकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। एक ग्राहक के साथ केनरा बैंक के कर्मचारियो द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत बैंक के हेड ऑफिस बैंगलोर की गई है। क्योंकि बैंक के कर्मचारियो की मनमानी और तानाशाही से ग्राहक परेशान है। शिकायत करने पर भी बैंक की प्रबंधक पार्वती गौतम द्वारा ग्राहको की शिकायतों पर कोई सुनवाई नही की जाती है। जिस कारण कर्मचारियो का मनोबल और भी बढा हुआ है। कर्मचारियों की मनमानी और ग्राहको के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार के चलते एक दिन ऐसा भी समय आएगा। जब इस बैंक के खातेदार अपने अपने खाते बंद करा देगे, और इसके लिए बैक प्रबंधक व कर्मचारी पूरी तरह से जिम्मेदार होगे।

### डिपोजिट करने के बाद भी, नही आते मेसेज और ना ही की जाती पासबुक में एंट्री -

सभी बैंकों द्वारा ग्राहको को पासबुक इसलिए उपलब्ध कराई जाती है कि ग्राहको के पास जमा और लेन देन का हिसाब किताब रहे। लेकिन केनरा बैंक में ग्राहको को पासबुक तो उपलब्ध करा दी गई, परंतु डिपोजिट राशि करने व आहरण करने पर पासबुक की एंट्री नही की जाती है। कई दिनों तक ग्राहक बैंक के चक्कर लगाते है कि उनकी पासबुक एंट्री हो जाए, लेकिन यह कहकर




भगा दिया जाता है कि सरर्वर डाउन चल रहा है और अभी पासबुक की एंट्री नही हो पाएगी। केनरा बैंक एक ऐसा अनोखा बैंक है जहां हफ्तो सरर्वर डाउन रहता है। सरर्वर डाउन का बहाना बनाकर ग्राहको को परेशान किया जाता है। पैसा डिपोजिट करने के बाद मोबाईल पर मैसेज भी नही आता है। केवल ग्राहक के पास जमा पर्ची रहती है बह भी यदि कहीं गुम हो गई तो ग्राहक के पास कोई रिकार्ड नही बचता है।

### कई दिनों तक खाते में नही पहुंचता पैसा -

कहने के लिए आजकल सब कुछ ऑनलाइन चल रहा है लेकिन केनरा बैंक में कुछ भी ऑनलाईन देखने को नही मिल रहा है। यदि ग्राहक द्वारा अपने खाते में पैसा जमा किया जाता है तो वह पैसा उनके खाते मे तत्काल जमा हो जाना चाहिए और बैलें दिखना चाहिए। लेकिन केनरा बैंक में पैसा जमा करने के बाद भी कई दिनो तक खाते में पैसा नही पहुंचता है। जिससे ग्राहक परेशान होते है। यदि कोई ग्राहक समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत करता है तो बैंक प्रबंधक से लेकर कर्मचारी तक इधर उधर टरका देते है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं करते है, बल्कि समस्या का समाधान करने की बजाए ग्राहक के साथ अभद्र व्यवहार बैंक कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

### कर्मचारियों के बताये अनुसार अधिकतर डाउन रहता सर्वर काम होता प्रभावित -

केनरा बैंक में 24 घटे सरर्वर डाउन या फेल रहने का बहाना करके ग्राहकों का काम नही किया जाता है। जब भी कोई ग्राहक लेनदेन के लिए जाता है तो उससे यह कहा जाता है कि भाई अभी सरर्वर डाउन चल रहा है। अगले दिन आना आपका काम हो जाएगा। लेकिन जब अगले दिन ग्राहक पहुंचता है, तो फिर वही रटा रटाया जबाब है सरर्वर डाउन कल आना, हार थक कर ग्राहक जाना ही बंद कर देता है। ऐसे में ग्राहको को अनेक परेशानियों का सामना करना पडता है।

### लंच से आधा घंटे पहले और आधा घंटा बाद तक बैंक में बंद कर दिया जाता काम -

केनरा बैंक में एक और मनमानी देखने को मिल रही है बहां पर लंच से आधा घंटे पहले और आधा घंटा बाद तक बैंक बंद कर दिया जाता है। और कामकाज भी रोक दिया जाता है। जब ग्राहक जबाव सबाल करते है कि यह कहा जाता है कि लंच चल रहा है। लंच के आधे घंटे बाद भी बैक में कामकाज शुरू नही किया जाता है। कुल मिलाकर एक घंटे लंच के बहाने काम चोरी करके ग्ाहकों को परेशान किया जाता है। धीरे धीरे परेशान ग्राहकों के सब्र का बांध भी टूटता जा रहा है, और कभी भी ग्राहको का आक्रोश उग्र रूप धारण कर सकता है। बल्कि अपने चहेते को अंदर अपने केबिन में बुलाकर कंप्यूटर में चेक करवा दिया जाता है। लेकिन आम ग्राहक से मिलना भी पंसद नही करती है।

### बैंक शाखा प्रबंधक नहीं रिसीव करती कॉल -

केनरा बैंक की प्रबंधक पार्वती गौतम के मोबाईल नबंर 8572835949 पर जब शिकायत करने का प्रयास ग्राहक द्वारा किया जाता है तो बह अपना मोबाईल रिसीव नही करती है। जिससे ग्राहक की उनसे बात नही हो पाती है। बैंक में भी यदि कोई ग्राहक मिलकर अपनी समस्या बताना चाहें, तो वह मिलना नही चाहती। काम का बहाना या बात करने का बहाना बन जाता है।

## खबर संक्षेप



### महिला के घर में घुसा गंदा पानी, वीडियो हुए वायरल

**हरपालपुर।** मानसून के शुरुआती दौर में ही हरपालपुर नगर परिषद द्वारा किए जाने वाले स्वच्छता और विकास के दावों की पोल खुल गई है। बीती शाम हुई बारिश के बाद नगर के वार्ड 1 और 2 में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। यहां तक कि नालियों का गंदा पानी सड़कों के साथ-साथ लोगों के घरों में भी घुसता नजर आया।नगर के वार्ड 1 की बुजुर्ग महिला रानी नायक ने बताया कि बारिश और नालियों का गंदा पानी उनके घर में भर गया, जिससे उनका गृहस्थी का सामान और पशुओं का भूसा खराब हो गया। एक वीडियो में रानी नायक पानी से भरे घर में चूल्हे पर रोटी बनाती दिखीं। उन्होंने बताया कि पहले जलभराव की समस्या नहीं थी, लेकिन सड़क पर मिट्टी का भराव होने के बाद पानी की निकासी बंद हो गई है और पानी घर में घुसने लगा है। अन्य वार्डवासियों ने शिकायत करते हुए कहा है कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन नगर परिषद समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती। उन्होंने नगर परिषद की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए तत्काल व्यवस्था और सफाई की मांग की है।

### छतरपुर जिले की आपराधिक घटनाओं पर सपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव का बड़ा बयान




**छतरपुर।** जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने शनिवार को छतरपुर प्रवास के दौरान पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से गंभीर चिंता जताई। मनोज यादव ने सबसे पहले नौगांव क्षेत्र में हुए पंकज प्रजापति हत्याकांड को लेकर उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि हत्याकांड में अभी तक कुछ आरोपी फरार हैं, जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। साथ ही पीड़ित परिवार को शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की भी मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने लवकुशनगर थाना क्षेत्र में एक महिला के अपहरण के मामले में भी संबंधित परिवार से मुलाकात की। यादव ने कहा कि पुलिस इसे प्रेम प्रसंग का मामला बता रही है, जबकि यह पूरी तरह से अपहरण है। उन्होंने पीड़िता के परिवार को सुरक्षा और शस्त्र लाइसेंस देने की मांग भी की। यही नहीं, लालोनी गांव में राधे कुशवाहा के साथ हुई मारपीट की घटना पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने बमीठा थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव में पटवारी प्राण सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में भी उनके परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की और सांत्वना दी। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग भी की।



## 12 किलो अवैध गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर

छतरपुर।

पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने झांसी-खजुराहो फोरलेन हाईवे पर 12 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, साथ ही तस्करी में प्रयुक्त टाटा सफारी कार को भी जप्त किया गया है।सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि झांसी-खजुराहो फोरलेन हाईवे पर गांजा तस्करी हो रही है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गठेवरा तिराहा के पास पन्ना की ओर से आ रही टाटा सफारी कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन की डिग्गी में टेप से बंद पैकेटों में 12 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा बरामद हुआ। वाहन और गांजा की कुल कीमत करीब 15 लाख रुपये है, जिसे जप्त कर लिया गया है। प्रकरण के आरोपी अशोक पुत्र बाबूराम तिवारी, निवासी बालाजी नगर शिवदयाल कॉलोनी दतिया को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है, साथ ही मामले विवेचना जारी है।

## सफाई कर्मी कर रहे मरीजों का इलाज

# डॉक्टर ने दिया चौंकाने वाला बयान

### चंद्रनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रिप और इंजेक्शन लगा रहा स्वीपर

छतरपुर।



जिले के चंद्रनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक सफाईकर्मी को मरीजों को ड्रिप और इंजेक्शन लगाते देखा गया। यह गंभीर लापरवाही स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली को उजागर करती है, जिसने पूरे जिले में चिंता की लहर पैदा कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंद्रनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सफाईकर्मी बिना किसी प्रशिक्षण या कानूनी अनुमति के मरीजों को ड्रिप और इंजेक्शन लगा रहा था। जब इस मामले पर केंद्र में पदस्थ डॉ. भावना सोनी से सवाल किया गया, तो उनके जवाब ने सभी को स्तब्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि स्टाफ की कमी के कारण ऐसा हो रहा है और डॉक्टर थोड़े ही इंजेक्शन लगाते हैं। इतना ही नहीं, डॉ. सोनी ने यह भी दावा किया कि जिला अस्पताल में भी सफाईकर्मी इलाज करते हैं, जिससे यह मामला केवल एक स्वास्थ्य केंद्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यह स्थिति मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ को दर्शाती है और प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर करती है। ग्रामीणों ने इस गंभीर लापरवाही की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अलग-अलग हादसे में नवयुवक की मौत, किसान घायल

# गलान में पलटा ट्रैक्टर, सौंरा में कार ने मारी टक्कर



हरपालपुर।

बीती शाम क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक नवयुवक की मौत हो गई जबकि एक किसान घायल हुआ है। एक घटना ग्राम गलान में हुई, जहां ट्रैक्टर पलने के कारण नवयुवक की मौत हुई है। वहीं दूसरी घटना नगर से लगी राज्य की सीमा पर स्थित ग्राम सौंरा में हुई, जहां कार की टक्कर से एक अधेड़ किसान घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गलान गांव में शुक्रवार शाम करीब 7 बजे 21 वर्षीय गोलू पुत्र ओमप्रकाश सेन खेत में बुआई के लिए ट्रैक्टर से जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, और उसे सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर हरपालपुर से लगी राज्य की सीमा पर स्थित उत्तरप्रदेश के ग्राम सौंरा में 55 वर्षीय किसान दिगपाल सिंह सड़क किनारे पैदल जा रहे थे, तभी एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल दिगपाल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सौंरा चौकी पुलिस कार की तलाश में जुटी है और घायल के बयानों के आधार पर जांच कर रही है।

## श्री कृष्णा आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा किया गया नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन

छतरपुर।

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित श्री कृष्णा आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा श्री शिव मंदिर गणेश कॉलोनी सागर रोड, छतरपुर में शुक्रवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर हर माह की भांति निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन करवाया गया। शिविर का उद्घाटन श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित 65 बच्चों ने आयुर्वेद के अमृत रूपी स्वर्ण प्राशन संस्कार का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर नाड़ी वैद्य डॉ. श्रृंगी ने बताया कि षोडस संस्कार के अंतर्गत आने वाले स्वर्ण प्राशन संस्कार के द्वारा बच्चों की मानसिक और शारीरिक पुष्टि होने के साथ ही उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है। साथ ही बताया कि हमारा भारत वर्ष ऋषि-मुनियों वैघ आचार्यो की भूमि रही है। उन्हीं ज्ञानी तपस्वीऋषि-मुनियों व वैद्य आचार्यो द्वारा हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लडऩे के लिए एक ऐसे रसायन का निर्माण किया गया, जिसे स्वर्ण प्राशन कहा जाता है। विदित रहे की संस्था द्वारा हर माह के पुष्य नक्षत्र



के दिन छतरपुर के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के एच.आर. डॉ. शिवेंद्र सिंह परमार ने माननीय कुलाधिपति डॉ.बृजेंद्र सिंह गौतम जी को कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद ज्ञापित कर भगवान धनवन्तरि की प्रतिमा भेंट की। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में अस्पताल अधीक्षक वैध श्रृंगी, उपअधीक्षक प्रदीप सोलंकी, डॉ. ऋषभ गुप्ता, डा. रविंद्र, डॉ. अभिषेक, डॉ. रामप्रताप, डॉ. शुभम, डॉ. राजीव सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## फोरलेन पर अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया तस्कर



**छतरपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने फोरलेन के सरानी ब्रिज के पास अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुए हैं, और वह इससे पहले भी चार आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है। थाना प्रभारी अरविंद दांगी के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि फोरलेन के सरानी ब्रिज के पास एक संदिग्ध अवैध हथियार के साथ मौजूद है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर संदेही सुधीर पुत्र प्रमोद पांडेय निवासी लोधी कुइया अमानगंज मोहल्ला छतरपुर को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा और कारतूस मिला। सुधीर के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि वह इससे पहले भी अवैध हथियार और मारपीट के अपराधों में शामिल रहा है।

# हरपालपुर स्टेशन पर अमृत भारत योजना की पोल खोलती बारिश

### पहली ही बरसात में टपकने लगी छतें, फॉल सीलिंग से गिर रहा पानी

हरपालपुर।

**झाँसी मंडल के अंतर्गत आने वाले हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर कराए गए निर्माण कार्य की पहली ही बारिश ने पोल खोल दी। शनिवार को हुई दो घंटे की बारिश में स्टेशन परिसर पानी-पानी हो गया। वेटिंग हॉल, टिकट विंडो, प्लेटफार्म शेड और आरक्षक कक्ष तक पानी टपकने लगा। दीवारों से मोटी धार के रूप में पानी गिरता रहा, जिससे यात्रियों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।**

स्टेशन की छतों से मानो झरने बहने लगे। फॉल सीलिंग और नई लाइटिंग से सजाए गए टिकट काउंटर के पोर्च से पानी रिसने लगा, जिससे टिकट काउंटर के



अंदर पानी भर गया। आरक्षित और अनारक्षित टिकट विंडो पर तैनात रेलवे कर्मचारी भीगती मशीनों और पानी भरे फर्श के बीच जान जोखिम में डालकर टिकट बिक्री करते नजऱ आए। कर्मचारी कुर्सियों पर पैर चढ़ाकर खुद को करंट से बचाने की कोशिश करते दिखे। गौरतलब है कि इससे पहले प्री-मानसून की हल्की बारिश में भी स्टेशन परिसर में पानी भर चुका है। बावजूद इसके अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की अनदेखी की। स्थानीय निरीक्षण से लेकर डीआरएम कार्यालय तक के अधिकारी निर्माण की खामियां पकडऩे में नाकाम रहे। नतीजा, पहली भारी बारिश में ही 12 करोड़ की लागत से हुए निर्माण कार्य की असलियत सामने आ गई। टिकट काउंटर के बाहर फिसलन भरा चिकना पत्थर लगा हुआ है, जहां यात्रियों के फिसलने का डर लगातार बना रहता है। जनरल वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म शेड्स और स्टेशन की दीवारों से भी पानी टपकता रहा, जिससे यात्रियों को बैठने तक की जगह नहीं मिली। हरपालपुर स्टेशन केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के लोकसभा क्षेत्र में आता है। वर्षों पुराने इस स्टेशन को उनके अथक प्रयासों से अमृत भारत योजना में शामिल किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता ने योजना की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सवाल ये है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ऐसा घटिया निर्माण कैसे हुआ? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में ही दफन हो जाएगा?

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कालेजों से जुड़े 875 बंधपत्रधारी पीजी डाक्टर्स के पदस्थापना के आदेश जारी

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में नियमित चिकित्सक भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता वृद्धि तथा स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में 875 बंधपत्रधारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिससे चिकित्सकीय संसाधनों को मजबूती मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनसाधारण को श्रेष्ठ और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके 875 बंधपत्रधारी चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। यह पदस्थापनाएँ चिकित्सकों द्वारा स्नातकोत्तर प्रवेश के समय प्रस्तुत अनिवार्य सेवा बंधपत्र के अनुक्रम में की गई हैं।

### पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश का अवसर

**रीवा** । शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा में विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं तथा आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि कालेज में प्रवेश की प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दूसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पॉलिटेक्निक कालेज में सिविल इंजीनियरिंग में 41, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में 36, इलेक्ट्रॉनिक एण्ड टेली कम्युनिकेशन में 50 तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर में 52 सीटें रिक्त हैं। कक्षा 10वीं या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त विद्यार्थी कालेज में प्रवेश लेकर डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं। कालेज के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट लगभग शत-प्रतिशत है। शासन द्वारा लगभग 20 नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने कौशल को बेहतर करने का अवसर भी कालेज में दिया जा रहा है। शासन द्वारा पात्रता के अनुसार विभिन्न छात्रवृत्ति एवं बैंकों के माध्यम से शिक्षा ऋण की भी सुविधा दी जा रही है।

### आउटर में बदमाशों ने ट्रेन में किया पथराव

**कटनी**। कटनी रेलवे स्टेशन आ रही गाड़ी संख्या 12268 रीवा इतवारी एक्सप्रेस व कटनी से सतना के लिए रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव से एक महिला यात्री घायल हुई है तो वहीं खिड़कियों के कांच टूट गए है। पथराव की घटना सामने आने के बाद मंडल कार्यालय जबलपुर तक हड़कंप मच गया है। आरपीएफ व जीआरपी कटनी स्टेशन के आउटर से लेकर पटवारा स्टेशन तक तैनात की गई है। आरपीएफ ने कुछ संदेहियों को दबोचा भी है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12268 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस कटनी रेलवे स्टेशन आ रही थी। इसी दौरान पटवारा से कटनी के बीच अज्ञात लोगों ने ट्रेन के एस-1 व एस-3 कोच में पथराव कर दिया। पथराव के बाद ट्रेन में मौजूद ट्रेन स्टॉफ ने ट्रेन में ही घायल यात्री का प्राथमिक उपचार किया तो वहीं घायल महिला को जबलपुर में उपचार प्रदान किया गया। हालांकि इस पथराव की सूचना समय रहते कटनी स्टेशन व आरपीएफ को नहीं मिली, जिसके चलते महिला को जबलपुर में उपचार मिला। इसी तरह की घटना कटनी रेलवे स्टेशन से सतना की ओर रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में हुई। खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात लोगों ने पथराव किया, जिससे बी-6 कोच की खिड़की का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। हालाकि सीट पर बैठा यात्री बाल-बाल बच गया। ट्रेन के मानिक स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली।

## विन्ध्य में धार्मिक उत्सवों की अनूठी परंपरा का भाग है रथयात्रा, सनातन परंपरा और धार्मिक उत्सवों से ही भावी पीढ़ी सुखी होगी : डिप्टी सीएम





**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मानस भवन में आयोजित रथयात्रा समारोह में भगवान जगन्नाथ स्वामी का दर्शन तथा पूजा-अर्चन किया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान की आरती करके विन्ध्य और मध्यप्रदेश के निवासियों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में सनातन परंपरा और धार्मिक उत्सव संस्कृति का आधार हैं। इन्हीं से भावी पीढ़ी सुखी होगी। विन्ध्य में वर्ष भर विभिन्न धार्मिक उत्सवों की अनूठी परंपरा है। इनमें हर वर्ग के व्यक्ति उत्साह के साथ भाग लेते हैं। भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा भी इसी परंपरा का महत्वपूर्ण भाग है। भगवान जगन्नाथ स्वामी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब श्रद्धा का प्रतीक है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने जगतगुरू राघवाचार्य से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा का श्रवण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य में जगतगुरू के चरण पड़े हैं। यह हम सबके लिए शुभ फलदायी है। आपकी रामकथा को यहाँ के लोग सदैव याद करते हैं। आपके कर कमलों से हिनौती गौधाम में गौशाला निर्माण का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। रीवा में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में सात हजार गायों तथा लक्ष्मणबाग गौशाला में एक हजार गौ माताओं की सेवा की जा रही है। हिनौती गौधाम में 25 हजार गौमाता की सेवा होगी इससे निराश्रित गौमाता को आश्रय मिलने के साथ खेती की भी रक्षा होगी। कार्यक्रम में 21 वर्षीय आदर्श कुमार पाण्डेय ने जटिल योगासन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## व्यापारी से 6 लाख की ठगीः काजू की जगह भेजे चिप्स और पापड़, ट्रांसपोर्ट में खुला फरेब, चोरहटा थाने में दर्ज कराई शिकायत



**रीवा**। शहर के एक व्यापारी से लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। व्यापारी ने आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा से 6 लाख रुपए के काजू के लिए आर्डर कर पैसा भेजा था, लेकिन जब व्यापारी का सामान ट्रासपोर्ट आया तो काजू की जगह उसे चिप्स मिली। पहले तो बॉक्स को खोलने के बाद व्यापारी हैरान रह गया और बाद में बॉक्स लेने से ही इनकार कर दिया। फिलहाल ऑर्डर किए गए काजू की जगह चिप्स मिलने के बाद व्यापारी ने धोखाधड़ी की शिकायत शहर के चोरहटा थाने में दर्ज कराई है। दरअसल रीवा के अल्ताफ अंसारी नामक व्यापारी ने शहर के ही एक नामी और बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनी के जरिए आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से अच्छी क्वालिटी के काजू का ऑर्डर किया था, पीड़ित व्यापारी ने बताया कि पूर्व में दोबार उसने कम मात्रा में काजू आर्डर किया था जो आ गए थे, लेकिन जब उसने 6 लाख रुपए ट्रांसफर कर काजू का आर्डर किया तो उसके साथ धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक जब वह माल लेने ट्रांसपोर्ट पहुंचा तो काजू के बॉक्स में पापड़ और चिप्स भरे हुए थे। व्यापारी की माने तो उसके द्वारा पूर्व में भी इस तरह से ऑर्डर देकर काजू मंगाया गया था, लेकिन पूर्व में उसने कम पैसे होने पर कम क्वांटिटी में काजू मंगाया, लेकिन इस बार उसने 6 लाख से अधिक कीमत के काजू का ऑर्डर दिया था । मामले में अधिवक्ता बीके माला ने कहां कि इस तरह की धोखधड़ी के मामले इस समय अधिक आ रहे है उन्होने मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। धोखाधड़ी का शिकार हुए व्यापारी की शिकायत पर अब चोरहटा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सात थानों में जब्त नशीली कफ सिरप का हुआ नष्टीकरण



**रीवा**। जिले में अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पुलिस ने विभिन्न थानों में जब्त की गई नशीली कफ सिरप की हजारों शीशियों को पर्यावरण मानकों के अनुरूप नष्ट कर दिया। यह विनष्टीकरण सतना जिले की प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री में किया गया, जहां 5157 शीशियों को विशेष प्रक्रिया के तहत जलाकर खत्म किया गया। यह कार्रवाई रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल के नेतृत्व में किया गया। जिसमें ड्रग नष्टीकरण समिति के सदस्य, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी, और जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। नशीली कफ सिरप की यह खेप जिले के सिविल लाइन, चोरहटा, बैकुंठपुर, सगरा, गढ़, समान और बिछिया थाना क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई के दौरान जब्त की गई थी। विनष्टीकरण के इस पूरे अभियान में रीवा एसपी विवेक सिंह, सतना एसपी आशुतोष गुप्ता, एसडीओपी उदित मिश्रा और संबंधित थानों के थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंपों में की जा रही पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता की जाँच



**रीवा** । जिले के पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल की गुणवत्ता की जाँच की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य विभाग, नापतौल विभाग तथा पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जाँच दल ने गर्ग फिलिंग स्टेशन गड़रिया रीवा तथा शिव फिलिंग स्टेशन लोही की जाँच की। दोनों पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल के नमूने लेकर उनमें पानी सहित किसी भी अन्य पदार्थ की मिलावट तथा डेंसिटी की जाँच परखनली टेस्ट से की गई। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश देते हुए कहा गया कि डीजल और पेट्रोल के टैंकों की नियमित जाँच करें। इनके ढक्कन ठीक से बंद करके रखें। इनमें यदि पानी की मात्रा प्राप्त होती है तो इनका वितरण तत्काल बंद करें। डिपो से डीजल और पेट्रोल लेकर आने वाले टैंकरों में पहले डीजल-पेट्रोल की गुणवत्ता की जाँच करें। उसके बाद ही इन्हें अनलोड कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल पंपों में डीजल पेट्रोल की गुणवत्ता तथा पानी की मात्रा की लगातार जाँच जारी रहेगी। जाँच दल में सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी, मापतौल अधिकारी सत्यनारायण तिवारी तथा पेट्रोलियम कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधि ऋषभ गुप्ता शामिल रहे।

**रीवा में 26 व 27 जुलाई को होगा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव**

## वाराणसी में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के रोड शो का सफलतापूर्वक समापन



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनारस में होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में आयोजित रोड शो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास, संस्कृति का संरक्षण और पर्यटन क्षेत्र में निजी सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा, उत्तर प्रदेश का गेटवे है। उत्तर प्रदेश से कनेक्टिवटी सुगम है। मध्य प्रदेश सभी आगंतुकों, पर्यटकों के आतिथ्य सत्कार के लिए तैयार है। रीवा में 26 एवं 27 जुलाई को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। आप सभी इसमें आमंत्रित हैं। पर्यटन रोड शो में पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारक शामिल हुए। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश हमारी संस्कृति, विरासतों और धरोहरों को संजोकर पर्यटकों को सुखद और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करें। बाबा महाकाल और बाबा काशी विश्वनाथ दुनियाभर के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पर्यटकों को एक समृद्ध और विविध अनुभव मिलेगा साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और विरासत पर्यटन को आकर्षित करने में सहयोग प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारकों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावे के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्य़टन रोड शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित संत सतुआ महाराज, वाराणसी कैंट एरिया के विधायक सौरभ श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दो मोटर साइकिलो में आमने-सामने हुई भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायलः बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खम्हरिया के पास हुआ दर्दनाक हादसा




**रीवा**। जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत खम्हरिया गांव के पास शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब दो मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार में आमने-सामने आ भिड़ीं। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर युवक अकेला सवार था जबकि दूसरी बाइक पर तीन लोग सवार थे। आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों सवार सड़क पर दूर जा गिरे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को संजय गांधी अस्पताल, रीवा भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान सूरज विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष, निवासी कांकरगढ़, के रूप में हुई है। बताया गया है कि टक्कर के बाद सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जिसके उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया गया। बैकुंठपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे क विस्तृत जांच कर रही है।

## एयर कंडीशनर के बढ़ते प्रयोग से पर्यावरण में दुष्प्रभाव पर आयोजित हुई कार्यशाला



रीवा ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एसी के बढ़ते प्रयोग से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने कहा कि धरती में 1975 के बाद से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसमें अन्य कारकों के अलावा एसी का बढ़ता उपयोग भी प्रमुख कारण है। एसी का उपयोग अत्यधिक आवश्यकता पर ही करें। इसका तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तक रखें, जिससे एसी का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव कम हो। पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण का ही नहीं बल्कि मानव के अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा है। न्यायपालिका को भी इस दिशा में प्रयास करके लोगों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यशाला में जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़ ने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव समीर कुमार मिश्रा ने जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारणों और इन पर नियंत्रण के प्रयासों की जानकारी दी। माडल साइंस कालेज की सहायक प्राध्यापक श्रीमती आरती तिवारी तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने भी कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में संविधान में दिए गए मौलिक कर्तव्यों में शामिल पर्यावरण संरक्षण तथा वन्यजीव संरक्षण के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि सुमित सिंह अनीष पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, मंजूर अहमद, वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता चक्रपाणि मिश्रा तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## विश्व हिंदू परिषद का निःशुल्क हड्डी रोग शिविर संपन्न, 586 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**रीवा** । विश्व हिन्दू परिषद (सेवा विभाग) द्वारा शनिवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया। अधिक जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मीडिया प्रमुख सुमित डिगवानी ने बताया कि शहर के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शनिवार की सुबह 10 बजे से निःशुल्क हड्डी रोग शिविर लगाया गया । जिसमें जिले के हर तहसील से हड्डी रोग मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग द्वारा लगाए हुए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे. इंदौर के सहज हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी टीम मरीजों का परीक्षण करवाने हेतु सीधी,मऊगंज, सतना व पन्ना जिले से भी मरीज शिविर में पहुंचे । रजिस्ट्रेशन के साथ ही मरीजो का बी.पी ,शुगर जैसी प्राथमिक जांच हुई तत्पश्चात हड्डी रोग से संबंधित डॉक्टर ने मरीजो का परीक्षण किया तथा जिन व्यक्तियों को फिजियोथैरेपी की जरूरत थी शिविर में उपस्थित फिजियोथैरेपी डॉक्टर से उनके रोगों संबंधित व्यायाम कराया। इस स्वास्थ्य शिविर में इंदौर से आए हुए ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा 586 मरीजो का परामर्श व एक्स-रे की सुविधा निःशुल्क दी गई । जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया की विश्व हिंदू परिषद ऐसे सेवा कार्य हर तहसील स्तर पर करेगा जिससे समाज के बीच में अपने सेवा कार्य के चेहरे को विश्व हिंदू परिषद जन जन तक पहुंचाएं. भविष्य में ऐसे सेवा कार्य और किए जाएंगे जिसमें शरीर की हर रोगों का परीक्षण निशुल्क किया जाएगा. यह सेवा कार्य ऐसे सभी लोगों तक पहुंचाया गया जो लोग हड्डी रोग से ग्रसित थे. विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पूरे जिले में संपर्क बनाकर इस सेवा कार्य का संदेश पहुंचा कर इस शिविर का लाभ दिलाने के लिए गांव-गांव संपर्क किया विश्व हिंदू परिषद इस के सेवा कार्य को सफल बनाने में विशेष रूप से प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा , प्रांत सहमंत्री प्रदीप गुप्ता, प्रांत सेवा प्रमुख दुर्गेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, अवधेश सिंह,मनीष भार्गव,एड.आनंदमूर्ति तिवारी,दिव्यांशु गौतम ,एड.रामकृष्ण गौतम,हरीश ढींगरा,रामकलेश यादव, सुमित मांजवानी,प्रीति मिश्रा,रिचा मिश्रा,आशीष सेन,जलसा विश्वकर्मा,मृत्युंजय सिंह,बृजेंद्र मिश्रा, निहारिका सिंह,खुशबू गुप्ता,पिंकी सिंह,सपना सिंह,सतेंद्र त्रिपाठी,अंजली पांडे,दुर्गेश द्विवेदी,निहारिका सेंगर,आनंद,उपेंद्र उपाध्याय, देवेन्द्र यादव, अग्रवाल,शुभ अग्रवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने अपना सहयोग दिया।